उष्णकटिबंधीय वन अनुसंधान संस्थान, जबलपुर में सतर्कता–जागरूकता सप्ताह– 2013 का शुभारंभ

उष्णकटिबंधीय वन अनुसंधान संस्थान, जबलपुर में ''सतर्कता जागरूकता सप्ताह–2013'' का आज दिनांक 28/10/2013 को शुभारंभ हुआ जो 02/11/2013 तक मनाया जायेगा। संस्थान के निदेशक महोदय डॉ. यू. प्रकाशम ने सभी अधिकारियों, वैज्ञानिकों एवं कर्मचारियों को अपने शासकीय कार्यकलापों के प्रत्येक क्षेत्र में ईमानदारी एवं पारदर्शिता रखने के लिए निरंतर प्रयत्नशील रहने की शपथ दिलाई। संस्थान के सभी अधिकारियों, वैज्ञानिकों एवं कर्मचारियों ने भी भ्रष्टाचार उन्मूलन हेतु कार्य करने तथा अपने क्रियाकलापों में ईमानदारी और पारदर्शिता लाने का संकल्प लिया। इस सप्ताह में सतर्कता जागरूकता को बढ़ावा देने हेतु ''उत्तम अभिशासन को बढ़ावा देने में सतर्कता का सकारात्मक योगदान'' नामक शीर्षक पर दिनांक 30/10/2013 को एक निबंध प्रतियोगिता का भी आयोजन किया जायेगा, जिसमें संस्थान के सभी अधिकारी, वैज्ञानिक, कर्मचारी, समस्त छात्र एवं छात्राएं भाग लेंगी। जागरूकता सप्ताह का समापन दिनांक 02/11/2013 को किया जाएगा।

इस अवसर पर संस्थान के कार्यालय प्रमुख एवं समूह समन्वयक (अनुसंधान) श्री पी. सुब्रमण्यम, वरिष्ठ वैज्ञानिक डॉ. एन. रायचौधरी, डॉ. एन कुलकर्णी, डॉ.पी.बी. मेश्राम, श्रीमति एम. कुन्डू, डॉ. आर.के. वर्मा, डॉ. योगेश्वर मिश्रा, डॉ. अविनाश जैन, श्रीमति नीलूसिंह, डॉ. के.के. सोनी आदि, लोक सम्पर्क अधिकारी श्री हरिओम सक्सेना एवं समस्त कर्मचारीगण उपस्थित थे।